5060/JJM-अमरो0/255 Dt30/09

(91)

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद अमरोहा) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 25–09–2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 25.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद अमरोहा में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

- ई0 चन्द्रहास अधिशासी अभियन्ता ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री नरेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री शहरोज आरिफ, सहायक अभियन्ता (SWSM), ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री नरेश कुमार, सहायक अभियन्ता (वि0/या0), ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
- श्री सर्वेश राय, पी0एम0 फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद।
- श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली।
- श्री फैजान, डी0पी0एम0 मै0 एल0सी0 इन्फ्रा।
- श्री रवि प्रकाश एम0आई0एस डी.पी.एम.यू0 अमरोहा।
- श्री विजय विसैन क्यू0 इंजीनियर टी.पी.आई अमरोहा।
- श्री शब्बीर हैदर डी0सी0 यूनिसैफ अमरोहा।

समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–

1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–

**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 312 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई है व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा 187 नग के सापेक्ष 187 नग (312 राजस्व ग्राम) डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 184 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 184 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए है, जिसमें 184 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए है।
- कुल लक्षित 1326.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक दिनांक 25.08.2025 तक 1304 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 25.09.2025 तक 1305.3 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 31 दिवस में 1.3 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य किया गया है, जोकि अत्यन्त खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
- गत बैठक तक 90504 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 85983 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 86422 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 31 दिवस में 439 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (लगभग 14 नग प्रतिदिन), जो अत्यन्त कम है। बचे हुए गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 187 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 84 नग OHT के कार्य पूर्ण थे, वर्तमान में 85 नग OHT Complete व 97 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 31 दिवस में 01 नग OHT पूर्ण किया गया है। 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत पूर्ण 23 नग ओ.एच.टी. में से 01 ओ0एच0टी0 पूर्ण किये गये, जोकि अत्यन्त खेद जनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि 20 अक्टूबर 2025 तक 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक 22 नग ओ.एच.टी. में से 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे।
- गत बैठक तक 181 नग पम्प हाउस पूर्ण थे, 02 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 181 पम्प हाउस पूर्ण व 02 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 31 दिवस में फर्म द्वारा कोई पम्प हाउस का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। दिनांक 20 अक्टूबर 2025 तक अवशेष पम्प हाउस के सभी कार्य पूर्ण करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया।

Scanned with CamScanner

- गत बैठक दिनांक 25.08.2025 तक 103 के सापेक्ष 90 सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। वर्तमान तक 90 सोलर पैनल का कार्य पूर्ण है। फर्म को गत बैठक मे समस्त कार्य माह सितम्बर 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल के कार्यो मे प्रगति बढ़ाते हुए सोलर पैनल के समस्त कार्य 20 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

2– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–

मै0 एल0सी0 इन्फा

- फर्म को आवंटित 05 नग राजस्व ग्राम, 05 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई है व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी है। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके है।
- गत बैठक मे फर्म द्वारा सभी 05 नलकूप का कार्य पूर्ण किया था।
- 31.00 कि0मी0 के सापेक्ष 28.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए है।
- 1990 नग के सापेक्ष 1430 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए है।
- 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 04 पर कार्य प्रगति पर है।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारूकी को निर्देशित किया गया कि प्रगति संतोषजनक नहीं है एवं टाईम लाइन के विपरीत है। 04 पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण करते हुये अपनी चार पेयजल योजनाओं मे नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करे।
- जिन योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण हो गये है, उनमें ऑटोमेशन–इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

3– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 3:–

मै0 ओ.एन.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) न्यू देहली :–

- फर्म को आवंटित 567 नग राजस्व ग्राम, 303 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं एवं स्वीकृत हो गयी है तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके है।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 303 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 305 नलकूप के सापेक्ष 303 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 303 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 2486.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक तक 2450.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 25.09.2025 तक 2451.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं। 31 दिवस में 1.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये है, जो अत्यन्त कम है। टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 152503 नग गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान मे 153004 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 31 दिवस मे 501 नग गृह जल संयोजन किये गये है फर्म को निर्देशित किया गया कि अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 अक्टूबर, 2025 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 179 नग OHT के कार्य प्रगति पर एवं 117 नग अपर जलाशय पूर्ण थे। वर्तमान मे 17? OHT पर कार्य प्रगति पर है, 119 नग OHT का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये है, उन योजनाओं को 20 अक्टूबर, 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 267 के सापेक्ष 232 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था, वर्तमान मे 233 पूर्ण हैं व 02 पर कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि माह अक्टूबर 2025 तक अपनी सभी सोलर आधारित पेयजल योजनाओं मे सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with CamScanner

सभी फर्मों एवं (TPI) & (DPMU) हेतु Common दिशा-निर्देशः-

- मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) टी.पी.आई. अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज 2 व फेज 3 में मैस पी०एन०सी०-एस०पी०एम०एल० मुरादाबाद, मै० एल०सी० इन्फा एवं मै० जी०एस०आई०एल० जे०डब्लू०आई०एल० (ज्वाइंट) नई दिल्ली आदि फर्मों द्वारा विभिन्न पेयजल योजनाओं के कराये जा रहे निर्माण कार्य मानक के अनुसार (as per norms) तक कराना सुनिश्चित करें एवं मुख्य विकास अधिकारी को सड़क पुर्नस्थापन की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए पेयजल योजना की सड़क पुर्नस्थापन की जीपीएस लोकेशन की फोटो उपलब्ध कराते हुए सभी पेयजल योजनाओं में ग्राम की सीमा के प्रारम्भ से अन्त तक पेयजलापूर्ति, गृह जल संयोजन में पेयजलापूर्ति का प्रेशर चैक कराना सुनिश्चित करें।
- दिनांक 30.09.2025 तक मैसर्स ओम इन्फा को 750 FHTC, मैसर्स SPML को 600 नग FHTC एवं मैसर्स एल.सी इंफ्रा को 150 नग FHTC करने एवं पोर्टल पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे जनपद की रैंक में सुधार आ सके।
- सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद अमरोहा में सम्मिलित ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को दीपावली से पूर्व प्रत्येक दशा में मोटरेबल/पुर्नस्थापित करना एवं सम्बन्धित जे०ई०/सहायक अभियन्ता व टी०पी०आई० के साथ निरीक्षण कर कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि सभी सार्वजनिक स्थलों पर कराये गये गृह जल संयोजन / स्टेण्ड पोस्ट की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं जिन सार्वजनिक स्थानों पर गृह जल संयोजन नहीं है उन पर शीघ्र गृह जल संयोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), अमरोहा को निर्देश दिये गये कि डी०एम० डैश बोर्ड की मॉनिटरिंग प्रतिदिन करना सुनिश्चित करें।
- डी०पी०एम०यू० अमरोहा को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पेयजल योजना पर गठित पानी समिति की सूची उपलब्ध कराते हुए अक्रियाशील पानी समिति को क्रियाशील कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) टी.पी.आई. अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी आगनवाड़ी केन्द्रो, सभी राजकीय भवनो एवं राजकीय संस्थानो म जांच कर सूची उपलब्ध कराये कि कितने राजकीय भवनो में पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है एवं कितने राजकीय भवन पेयजल से अवशेष हैं।
- डी०पी०एम०यू० अमरोहा (मै० मेधज प्रा०लि० लखनऊ) को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि, ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विवाद को सम्बन्धित SDM से Coordinate कर समाप्त कराना जल सखी, आई०एस०ए० द्वारा पानी की गुणवत्ता ग्रामवासियों की उपस्थिति में चैक कराना, जल की गुणवत्ता एवं पानी के लाभों का प्रचार प्रसार तथा पानी के बचाव के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें।
- फर्म मै० पी०एन०सी०-एस०पी०एम०एल० के प्रतिनिधि श्री सर्वेश राय को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि 30 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते हुए आगामी बैठक में पेयजलापूर्ति का ऑटोमेशन इन्टीग्रेशन ऑनलाइन दिखाना सुनिश्चित करें एवं शेष 40 योजनाओं में अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित सभी कार्य पूर्ण करने तथा अपर जलाशय एवं पम्प हाउस से नियमित क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करे।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा जो सड़क पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी है, उनको आगामी त्योहारो से पूर्व प्रत्येक दशा में मोटरेबल करा दिया जाये तथा जिन योजनाओं में पाइप लाइन/गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण हो गया है, उनमे सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये एवं उनकी सूची जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए टी०पी०आई० द्वारा गुणवत्ता की जांच कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

- सभी फर्मों एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजना के कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण हो गया है, उन पेयजल योजनाओं की जाँच सम्बन्धित BDO से कराना सुनिश्चित करें एवं आगामी बैठक में इस हेतु की आख्या प्रस्तुत करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा डी०पी०एम०यू० को निर्देशित किया गया कि पानी समिति एवं एफ०टी०के० महिलाओं की प्रमाणित सूची जल निगम(ग्रामीण) कार्यालय को उपलब्ध करायें। तदोपरान्त सम्बन्धित जू०इं० एवं सहायक अभियन्ता द्वारा उक्त सूची की जांच करना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियन्ता (वि/या०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को निर्देश दिये गये कि विद्युत आधारित पेयजल योजनाओं में से जिनमें विद्युत कनेक्शन लम्बित है, की सूची प्राप्त कर सम्बन्धित विभाग को पत्र प्रेषित करें।

(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी,
अमरोहा

कार्यालय जिलाधिकारी अमरोहा

पत्रांक:– 5060 / JJM अमरोहा / 255 दिनांक 30/9/25

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
5– मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
6– अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय (सिविल एवं वि०/या०) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) अमरोहा/मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित जू०इं०, पी.एम. टी.पी.आई० अमरोहा एवं डी०सी० डीपीएमयू० अमरोहा को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने हेतु निर्देशित करें।
7– समस्त कार्यदायी ऐजेन्सियां (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित) जनपद अमरोहा।
8– समस्त आई०एस०ए० एजेन्सी, जनपद अमरोहा।

जिलाधिकारी,
अमरोहा

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner